an>

Title: Regarding land erosion caused by Ganga and Pulhar river in Malda district, West Bengal

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): पश्चिम बंगाल के मालदा जिले का अधिकांश भाग गंगा और फुल्हर नदी के तट पर बसा हुआ है प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ एवं कटान के कारण तमाम गांव जैसे महानंदा टोला, भिलाई मारी, कहला, देवीपुर, उत्तर, दक्षिण,भकुरिया गांव इत्यादि गांव को बाढ़ एवं कटान के दौरान बहुत ही क्षति का सामना करना पड़ता है । महानंदा टोला भिलाई मारी गांव गंगा नदी से मात्र 1.50 मीटर की दूरी पर स्थित है एवं कई गांव जो नदी में विलीन हो चुके हैं वे जंजाली टोला, कुली दियारा, हुसैनपुर, चिना बाजार, दुर्गाराम टोला, चौधरी पड़ा, अनूप नगर, इत्यादि गांव हैं ।

मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि गंगा और फुल्हर नदी के द्वारा हो रहे कटान की रोकथाम के लिए स्थाई कार्य योजना बनाकर इस समस्या का समाधान किया जाए तथा अभी तक जो लोग कटान से प्रभावित होकर सड़कों पर जाने को मजबूर हैं उनको पुनर्वास एवं रोजगार की व्यवस्था की जाए तथा कटान के कारण उनको हुई क्षति का मूल्यांकन करते हुए मुआवजा उपलब्ध कराया जाए ।